दिनांक–23.06.2024 समय–2.10पीएम

प्रादेषिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

पल्स पोलियो अभियान

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज भोपाल के जयप्रकाश चिकित्सालय परिसर में पोलियो ड्राप पिलाकर प्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदेश के समस्त नागरिकों, अभिभावकों से अपील की है कि अपने नौनिहालों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें। प्रदेश में शुरू हो रहे राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को नज़दीकी पोलियो बूथ में जाकर दो बूँद ज़िंदगी की अवश्य दिलायें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 जून से दस्तक अभियान शुरु किया जा रहा हैं। इस अभियान में घर–घर जाकर स्वास्थ्य विभाग का अमला घर–घर जाकर दस्तक देगा। अभियान में बच्चों की वेक्सीनेशन के साथ–साथ अन्य जाँच भी की जाएगी। इस बार प्रदेश में लगभग 1 करोड़ 11 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिये लक्षित किया गया है। अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन 27,271 टीमों द्वारा 1 करोड़ 28 लाख घरों का भ्रमण कर, बच्चों को पोलियो की खुराक दी जावेगी। सतना जिले में बच्चों को पोलियो निरोधी दवा पिलाई जा रही है। सतना जिला अस्पताल सतना में राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने दो बूंद दवा पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया। खण्डवा में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील व पंधाना विधायक श्रीमति छाया मोरे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंधाना तथा उपस्वास्थ्य केन्द्र निहालवाड़ी में अभियान की शुरुआत की। छतरपुर शहर के छत्रसाल चौराहे के बूथ पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई। गुना में जिला चिकत्सालय में विधायक पन्ना लाल शाक्य ने अभियान का आरंभ किया। शिवपुरी जिले में आज से पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत हुई। विधायक देवेंद्र जैन, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा ने हवाई पट्टी स्थित संजीवनी क्लीनिक पर पहुंचकर इस अभियान के तहत बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाई। नर्मदापुरम जिले में 1 लाख 51 हजार 309 बच्चो को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

....

लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 2024 का आज आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा का पहला सत्र 10 से 12 बजे तक हुआ और दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक दूसरा सत्र होगा। आयोग के अनुसार 110 पदों के लिए है कुल 1.83 लाख उम्मीदवार परीक्षा में हिस्सा ले रहे हैं। सतना जिले में लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले में 9 केन्द्र बनाये गये हैं। आयोग द्वारा निगरानी के लिए सेवानिवृत्त आईएस कृष्णमोहन गौतम को रीवा संभाग का संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। जिला गुना में परीक्षा का संभागीय पर्यवेक्षक सेवानिवृत्त आईएस शेखर वर्मा ने निरीक्षण किया। जिले के 6 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा हो रही है। नर्मदापुरम जिले में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के संचालन के लिए सभी परीक्षा केंद्रों में अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

....

पीएम–श्यामा प्रसाद मुखर्जी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रख्यात विचारक और शिक्षाविद डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि डाक्टर मुखर्जी ने अपना जीवन भारत माता की सेवा में समर्पित कर दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि डाक्टर मुखर्जी का ऊर्जावान व्यक्तित्व देश की हर पीढी को प्रेरित करता रहेगा।

....

संसद सत्र

18वीं लोकसभा का पहला सत्र कल से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान नव–निर्वाचित सांसदो को शपथ दिलाई जाएगी। वरिष्ठ भाजपा सांसद भतृहरि महताब लोकसभा के नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। श्री महताब को अस्थाई अध्यक्ष बनाया गया है। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव इस महीने की 26 तारीख

को होगा। अगले दिन 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अभिभाषण होगा। संसद सत्र अगले महीने की तीन तारीख तक चलेगा।

....

टी–20 क्रिकेट

आईसीसी ट्वेंटी–ट्वेंटी विश्व कप क्रिकेट में आज सुबह जमैका के किंग्सटाउन में सुपर आठ मुकाबले में अफगानिस्तान ने एक रोमांचक मैच में ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हरा दिया। 149 रनों के लक्ष्य के जवाब में ऑस्ट्रेलिया 19 ओवर और दो गेंद में 127 रन ही बना सकी। अफगानिस्तान के ऑलराउडर गुलबदीन नायब ने चार विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

आज अमरीका का मुकाबला इंग्लैंड से होगा। यह मैच रात आठ बजे से बारबाडोस के ब्रिजटाउन, केंसिंग्टन ओवल में खेला जायेगा।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा कलेक्टर ने विद्यालय से अनुपस्थित रहने पर ग्राम दाबड़िया के एक शिक्षक को निलंबित कर दिया। वहीं 04 शिक्षकों का दो–दो दिवस का वेतन काटने के आदेश दिए।
- सतना जिले में किसानों द्वारा खरीफ सीजन के लिए बोनी की तैयारियां शुरु कर दी हैं। कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपील की गई है कि डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद बेहतर विकल्प है।

....